नगर निगम, शाहजहाँपुर।

प्रेस विज्ञप्ति

दिनांक 22.10.2020

- **महान क्रान्तिकारी, अमर शहीद अशफाक उल्ला खॉ जी की जयंती के अवसर पर नगर आयुक्त महोदय द्वारा शहीद अशफाक उल्ला खॉ पार्क में स्वच्छता अभियान चलाया गया तथा शहीद की मजार पर चादरपोशी की गई।**
- **इज्जतघर स्वच्छता टॉस्क फोर्स की टीम को नगर आयुक्त महोदय द्वारा हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया गया।**
- **नगर आयुक्त महोदय द्वारा *वाक टाक एवं रिजाल्व* कार्यक्रम का रोस्टर जारी किया गया, विजय दशमी के शुभ पर अवसर दिनांक 26.10.2020**
- **नगर आयुक्त महोदय के निर्देशानुसार सफाई अभियान के अन्तर्गत नगर में नियमित सफाई के अतिरिक्त सभी सफाई जोनो में विशेष सफाई अभियान चलाया गया।**

1. आज दिनांक 22.10.2020 को महान क्रान्तिकारी, अमर शहीद अशफाक उल्ला खॉ जी की जयंती के अवसर पर नगर आयुक्त महोदय के निर्देशानुसार शहीद अशफाक उल्ला खॉ पार्क एवं उनकी मजार के आसपास विशेष स्वच्छता अभियान चलाया गया। क्षेत्रीय सफाई एवं खादय निरीक्षक श्री पवन कुमार द्वारा अपनी टीम के साथ पूरे पार्क की साफ–सफाई एवं चूना छिडकाव का कार्य कराया गया। नगर आयुक्त महोदय के निर्देश में स्वच्छता अभियान के साथ–साथ लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करने के लिए जागरूकता अभियान भी चलाया गया। नगर आयुक्त महोदय द्वारा शहीद अशफाक उल्ला खॉ जी की मजार पर चादरपोशी की गई। इस मौके पर नगर आयुक्त महोदय के साथ उप नगर आयुक्त श्री आशुतोश कुमार दुबे उपस्थित रहे।
2. सामुदायिक, सार्वजनिक तथा पिंक शौचालयों की नियमित रूप से साफ–सफाई सुनिश्चित करते हुए उन्हे प्रतिदिन उपयोग के उपयुक्त बनाये रखने हेतु नगर आयुक्त महोदय द्वारा इज्जतघर स्वच्छता टॉस्क फोर्स का गठन किया गया है। यह टीम प्रतिदिन कम से कम दो बार प्रत्येक शौचालेयों की सफाई करेगी। आज नगर आयुक्त महोयद द्वारा हरी झण्डी दिखाकर इज्जतघर स्वच्छता टॉस्क फोर्स को गॉधी भवन के सामने से रवाना किया गया। जिसके अन्तर्गत आज नगर के विभिन्न क्षेत्रों में बने शौचालय की साफ–सफाई स्वच्छता टॉस्क फोर्स की टीम द्वारा की गई। इसके साथ ही नगर आयुक्त महोदय द्वारा नगरवासियों से अपील की गई कि स्वच्छता टॉस्क फोर्स की टीम के द्वारा नियमित रूप से शौचालयों की साफ–सफाई न होने पर शिकायत हेतु नगर निगम के मोबाईल नम्बर–8299596194 पर सम्पर्क कर सकते है। इस मौके पर उपनगर आयुक्त श्री आशुतोश कुमार दुबे, सहायक नगर आयुक्त श्रीमती रश्मि भारती, श्री अगंद गुप्ता एवं सभी सफाई एवं खादय निरीक्षक उपस्थित रहे।
3. जन समस्याओं को गुणवत्तापूर्वक निस्तारित करने तथा नगर निगम की सेवाओं को जनता को उसके घर पर उपलबध कराने के उद्देश्य से नगर निगम द्वारा **वॉक–टॉक एवं रिजाल्व** अभिनव प्रयोग किया जा रहा है। इस अभिनव का मूल मंत्र **–स्वच्छता, सेवा और समाधान** है। वॉक–टॉक एवं रिजाल्व कार्यक्रम प्रत्येक सोमवार को प्रातः 09 बजे से 12 बजे तक चलाया जायेगा। यह कार्यक्रम जोनल अधिकारियों के नेतृत्व मे चलेगा। अभियान के समय क्षेत्रीय सफाई कर्मचारी, सफाई नायक, क्षेत्रीय सफाई एवं खादय निरीक्षक, राजस्व निरीक्षक सम्बन्धित कर संग्रहकर्ता अवर अभियन्ता (सिविल) /(जल) के साथ–साथ पथ प्रकाश की एक टीम अपने उपकरणों के साथ उपस्थित रहेगी। नगर आयुक्त महोदय/अपर नगर आयुक्त द्वारा किसी भी एक जोन मे जायेगें।

यह कार्यक्रम विजय दशमी के शुभ अवसर पर दिनांक 26.10.2020 से प्रारम्भ होगा। कार्यक्रम की रूप रेखा निम्नवत् है:–

| क्र0 सं0 | जोन | दिनांक व दिन | वार्ड का नाम |
|---|---|---|---|
| 1 | 1 | 26.10.2020, सोमवार | आवास विकास कालोनी |
| 2 | | 02.11.2020, सोमवार | तारीन जलालनगर |
| 3 | | 09.11.2020, सोमवार | तारीन बहादुरगंज |
| 4 | | 16.11.2020, सोमवार | खिरनीबाग |
| 5 | | 23.11.2020, सोमवार | बाड़ूजई पेशावरी |
| 6 | | 30.11.2020, सोमवार | बाड़ूजई प्रथम |
| 7 | 2 | 26.10.2020, सोमवार | हुण्डालखेल |
| 8 | | 02.11.2020, सोमवार | सिंजई |
| 9 | | 09.11.2020, सोमवार | युनूस खेल |
| 10 | | 16.11.2020, सोमवार | बी0बी0जई चौराहा |
| 11 | | 23.11.2020, सोमवार | महमंद जंगला |
| 12 | | 30.11.2020, सोमवार | भारद्वाजी |
| 13 | 3 | 26.10.2020, सोमवार | बाला तिराही |
| 14 | | 02.11.2020, सोमवार | सरायकाईयॉ |
| 15 | | 09.11.2020, सोमवार | आदर्श नगर कालोनी |
| 16 | | 16.11.2020, सोमवार | चर्च कालोनी |
| 17 | | 23.11.2020, सोमवार | किला |
| 18 | | 30.11.2020, सोमवार | ख्वाजा फिरोज |
| 19 | 4 | 26.10.2020, सोमवार | गड़ी गाडीपुरा |
| 20 | | 02.11.2020, सोमवार | बाबूजई |
| 21 | | 09.11.2020, सोमवार | अहमदपुर रेती |
| 22 | | 16.11.2020, सोमवार | रोशनगंज |
| 23 | | 23.11.2020, सोमवार | अण्टा |
| 24 | | 30.11.2020, सोमवार | गौहरपुरा |

4. नगर आयुक्त महोदय के निर्देशानुसार सफाई अभियान के अन्तर्गत नगर में नियमित सफाई के अतिरिक्त सभी सफाई जोनो में विशेष सफाई अभियान चलाया गया। सफाई जोन–1 में नवोदय विधालय,सफाई जोन–3 मो0 बिजलीपुरा, सफाई जोन–4 मो0 नई बस्ती मेहमानशाह, सफाई जोन–5 मो0 अहमदपुर निवाजपुर इन स्थानो पर वृहद सफाई का कार्य एवं कूड़ा उठाने तथा दवा का छिड़काव कराया गया। नगर आयुक्त महोदय के निर्देशानुसार नगर निगम द्वारा आज दिनांक 22.10.2020 को ध्वनि विस्तारण के माध्यम से नियिमत रूप से हाथ धोने, मास्क लगाने, दो गज की दूरी रखने तथा संकमण के बचाव का उपाय बताते हुये लोगो को जागरूक किया जा रहा, नगर आयुक्त महोदय के निर्देशानुसार खाली प्लाटो पड़े पर कूड़े को साफ कराया जा रहा है।नगर आयुक्त महोदय द्वारा नगर में बिना किसी कार्य के बाहर न निकले, मास्क का प्रयोग करने, अपनी सुरक्षा हेतु हाथ धोने,सेनेटाइजेशन और 02 गज दूरी बनाये रखने हेतु अपील किया गया। सार्वजनिक स्थानो पर गंदगी करने,थकने,मास्क न पहने आदि पर जुर्माना लगाने एवं चालान करने निर्देश दिया गया है।. नगर आयुक्त महोदय के निर्देशानुसार प्रतिबन्धित पालीथीन के उपयोग रोकने हेतु की गई कार्यवाही की जा रही है, नवरात्रि एवं दशहरा त्यौहार के दृष्टिगत नगर के विभिन्न पूजा स्थलो पर पेयजल, प्रकाश व्यवस्था ठीक कराते हुये सफाई, दवा छिड़काव तथा सेनेटाईजेशन का कार्य किया गया।

उप नगर आयुक्त
नगर निगम,शाहजहाँपुर
22/10/20